Cosmo Foundation
Cosmo First Limited

# कोस्मो फाउन्डेशन ने खेल में ईमानदारी, सम्मान और समावेशन को बढ़ावा देने के लिए ग्लोबल फेयर प्ले मुवमेन्ट को दिया समर्थन

**नई दिल्ली, 26 मई 2026:** कोस्मो फर्स्ट की कम्युनिटी आउटरीच शाखा, कोस्मो फाउन्डेशन ने 19 मई को नई दिल्ली के आईएसआईसी इंस्टीट्यूट ऑफ रीहेबिलिटेशन साइंसेज़ में वर्ल्ड फेयर प्ले डे 2026 पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी को समर्थन प्रदान किया। संयुक्त राष्ट्र द्वारा मान्यता प्राप्त इस संगोष्ठी में दुनिया भर से 6 मिलियन से अधिक लोगों ने हाइब्रिड फ़ॉर्मेट के ज़रिए हिस्सा लिया। यह संगोष्ठी खेल और समाज में नैतिकता, समावेशन और ईमानदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्पोर्ट्स लीडरों, शिक्षकों, छात्रों एवं पॉलिसी एडवोकेट्स और अंतर्राष्ट्रीय हितधारकों को एक मंच पर लेकर आई।

इस पहल का उद्देश्य स्कूलों और युनिवर्सिटियों में 'फेयर प्ले' (निष्पक्ष खेल) शिक्षा को बढ़ावा देना भी था, जिसके लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी 2020) में फेयर प्ले को शामिल करने की अनुशंसा दी गई। इस मंच पर विशेषज्ञों ने युवाओं के विकास और सामुदायिक कार्यक्रमों में सम्मान, एकजुटता एवं नैतिक आचरण जैसे मूल्यों को शामिल करने तथा अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने जैसे विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। साथ ही फेयर प्ले प्रोग्रामों, रीसर्च एजुकेशन और पॉलिसी एडवोकेसी के बीच तालमेल बनाने के लिए 'नेशनल फेयर प्ले कमेटी ऑफ़ इंडिया' की स्थापना पर भी चर्चा की गई।

इस पहल की परिकल्पना कॉस्मो फाउंडेशन की मैनेजिंग ट्रस्टी, मिस यामिनी कुमार जयपुरिया के सहयोग से की गई थी, जो इंटरनेशनल फेयर प्ले (निष्पक्ष खेल) पहलों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ी रही हैं। इसके बाद, डॉ. बी.आर. अंबेडकर स्पोर्ट्स फाउंडेशन के सहयोग से इसका आयोजन किया गया और इंटरनेशनल फेयर प्ले कमेटी (सीआईएफपी) द्वारा इसे समर्थन दिया गया। यह संगोष्ठी भारत में वर्ल्ड फेयर प्ले डे के लिए आयोजित कुछ पहले बड़े समारोहों में से एक थी, जिसका उद्देश्य ग्लोबल फेयर प्ले मुवमेन्ट के साथ भारत के जुड़ाव को मजबूत बनाना तथा शैक्षणिक, खेल एवं सामाजिक संस्थानों के बीच आपसी सहयोग को बढ़ावा देना था।

सभा को विशेष रूप से संबोधित करते हुए **कोस्मो फाउंडेशन की मैनेजिंग ट्रस्टी और कोस्मो फर्स्ट की होलटाईम डायरेक्टर (कॉर्पोरेट स्टैªटेजी, ईएसजी एवं सीएसआर), मिस यामिनी कुमार जयपुरिया** ने कहा, *"फेयर प्ले यानि निष्पक्ष खेल एक सार्वभौमिक भाषा है। फेयर प्ले एक खेल से कहीं बढ़कर है; यह जीवन जीने का एक तरीका है। यह इस बारे में नहीं है कि आप कैसे जीतते हैं, बल्कि इस बारे में है कि आप कैसे खेलते हैं। गरिमा, न्याय, सम्मान और एकजुटता जैसे मूल्यों को बढ़ावा देकर, हम न सिर्फ खेल के माध्यम से, बल्कि रोज़मर्रा के जीवन में भी एक बेहतर दुनिया का निर्माण कर सकते हैं।"*

अपने मुख्य भाषण में, सीआईएफपी के प्रेज़ीडेन्ट श्री सुनील सबरवाल ने भारत और दुनिया भर में फेयर प्लेश् मुवमेन्ट को आगे बढ़ाने में मिस यामिनी जयपुरिया के योगदान और कोस्मो फाउन्डेशन के अमूल्य सहयोग की सराहना की। उन्होंने खेलों में नैतिकता, ईमानदारी और सम्मान को बनाए रखने की वैश्विक ज़िम्मेदारी पर भी ज़ोर दिया, और साथ ही मूल्यों पर आधारित खेल व्यवस्था को मज़बूत बनानेे में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के महत्व पर भी रोशनी डाली।

संगोष्ठी के दौरान कई विषयों पर पैनल चर्चाएं हुईं जैसे खेल प्रशासन में नैतिक मूल्य, खेल भावना को बढ़ावा देने में शिक्षा की भूमिका तथा शांतिपूर्ण एवं समावेशी समाज के निर्माण में फेयर प्ले की भूमिका। चर्चा के मुख्य विषय थे- नैतिक नेतृत्व, खेल में पारदर्शिता और जवाबदेहिता, एंटी-डोपिंग फ्रेमवर्क, युवाओं के लिए मूल्य आधारित शिक्षा तथा

सामुदायिक जुड़ाव, संस्कृति के संरक्षण एवं सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने में पारम्परिक खेलों की भूमिका। कार्यक्रम में एक फेयर प्ले प्लेज सेरेमनी भी आयोजित की गई, जहां खेल, शिक्षा और ओलम्पिक मूल्यों से जुड़े राष्ट्रीय- अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों ने हिस्सा लिया।

कोस्मो फर्स्ट की कम्युनिटी आउटरीच पहल के रूप में कोस्मो फाउन्डेशन- शिक्षा, पर्यावरण और सशक्तीकरण से जुड़ी पहलों में सक्रिय है, इसके लिए देश भर के कई राज्यों एवं समुदायों में प्रोग्राम आयोजित किए जाते हैं। वर्ल्ड फेयर प्ले डे को समर्थन प्रदान कर फाउन्डेशन ने ग्लोबल फेयर प्ले मुवमेन्ट में भारत के ने◌ेतृत्व को मजबूत बनाया है तथा खेलों में नैतिकता एवं मू◌्ल्यों के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा दिया है। संगोष्ठी के दौरान फेयर प्ले शिक्षा को बढ़ावा देने तथा खेल, शिक्षा एवं सामाजक विकास के क्षेत्र में कार्यरत देशी-विदेशी संस्थानों के बीच मजबूत साझेदारी बनाने की आवश्यकता पर भी ज़ोर दिया गया।

**About Cosmo Foundation:**
Cosmo Foundation was established in 2008 as the community outreach initiative of the Cosmo First Ltd, the largest manufacturers of BOPP worldwide. The Foundation works closely with less developed communities around its manufacturing units at the Karjan in the Vadodara District and Gangapur in the Chatrapati Sambhajinagar District as well as in Delhi, Himachal Pradesh, and tribal district Chhindwara of Madhya Pradesh. The organization works on several development programs aimed at Computer operation and digital skill building, Foundational Literacy, Numeracy, Life skills and English Communication, health and hygiene, Environment and Empowerment of women.

**About Cosmo First Limited:**
Established in 1981 by Mr Ashok Jaipuria, Cosmo First Limited is an over four-decade-old global conglomerate. Its consumer vertical comprises Cosmo Consumer, which is into Window Films, Paint Protection Films & Ceramic Coatings for automobiles, and Zigly Pet Care, which provides a digital-first omni channel pet care ecosystem. Its industrial vertical includes Cosmo Films for specialty films for packaging, labels, lamination, and industrial applications; Cosmo Speciality Chemicals for coatings, adhesives and masterbatches, and Cosmo Plastech for rigid packaging. With sustainable innovation, development, and research embedded in its core values, Cosmo First serves customers in 100+ countries.